दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 330 मुरादाबाद 02 April 2022 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## मोदी कर्नाटक आकर भ्रष्टाचार से लड़ने की बात करें तो पूरा राज्य उन पर हंसने लगेगा: राहुल गांधी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोदी अगर आज भ्रष्टाचार से लड़ने की बात करें तो लोग उन पर हसेंगे। राहुल ने कहा, पहले मोदी चुनाव के समय भ्रष्टाचार की बात करते थे। आज अगर नरेंद्र मोदी कर्नाटक में आकर भ्रष्टाचार की बात करें और कहें कि मैं भ्रष्टाचार से लड़ना चाहता हूं तो शायद पूरा कर्नाटक हंसाना शुरू कर देगा और कहीं नहीं कह सकते हैं। दो दिवसीय कर्नाटक दौरे पर गए राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा का जो लक्ष्य है, वह गरीबों का पैसा छीनकर 3-4 सबसे बड़े उद्योगपतियों के हवाले करने का है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास मूल रूप से फाइनेंशियल ट्रांसफर मैकेनिज्म है। इसका मतलब है कि गरीबों से पैसा लो और 2-4 उद्योगपतियों को दे दो। यही उनका सिस्टम है।

### भाजपा चाहकर भी नहीं दे सकती रोजगार


कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के सामने महंगाई और बेरोजगारी का सबसे बड़ा मुद्दा है। राहुल ने कहा, नोटबंदी, गलत GST और कृषि कानून के कारण देश को नुकसान हुआ। आज देश की हालत यह है कि भाजपा चाहकर भी देश में रोजगार नहीं दे सकती, क्योंकि छोटे और लघु उद्योगों को भाजपा ने खत्म कर दिया है।

### सरकार बनाने के लिए लड़ना है हमें

बेंगलुरु में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, कर्नाटक में हमेशा कांग्रेस पार्टी की भावना रही है। यह कांग्रेस की स्वाभाविक स्थिति है। हमारे मन में बहुत स्पष्ट होना चाहिए कि हमें 150 से कम सीटें नहीं मिलेंगी। विकास के रास्ते पर वापस लाएंगे। यह पता लगाना बहुत आसान है कि कर्नाटक में असली काम कौन कर रहा है। हमें उस काम के आधार पर टिकट तय करना चाहिए जो वह व्यक्ति कांग्रेस के लिए कर रहा है। हमें कड़ी टक्कर के लिए चुनाव नहीं लड़ना चाहिए, हमें सरकार बनाने के लिए लड़ना है।

## पीएम मोदी ने छात्रों से कहा- टॉपर्स को न करें फॉलो, खुद की रणनीति करें तैयार

हर साल की तरह इस साल भी 'परीक्षा पे चर्चा' का आयोजन आज यानी कि 1 अप्रैल, 2022 को किया गया। बस इस बार अंतर इतना है कि कार्यक्रम का पांचवा संस्करण का आयोजन ऑनलाइन नहीं होकर दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में किया गया। दरअसल, पिछले वर्षों में कोविड-19 महामारी की वजह से यह प्रोगाम ऑनालइन ही आयोजित किया जा रहा है लेकिन इस बार, स्टूडेंट्स, टीचर्स और अभिभावकों को सीधे पीएम मोदी से संवाद करने का मौका मिला इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टूडेंट्स को परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव से दूर रखने के टिप्स दिए। इसके अलावा सोशल मीडिया और गेम एडिक्शन सहित ऑनलाइन और ऑफलाइन कक्षाओं पर चर्चा की। वहीं इसी दौरान क्रू मोदी ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि, छात्रों से कहा कि वे पिछले वर्ष के टॉपर्स का अनुसरण न करें, बल्कि अपनी तैयारी की रणनीति बनाएं। अपनी एक दिनचर्या बनाएं और इसे सरल रखें।



### पैरेंट्स को दी यह सलाह

PM मोदी ने प्रोगाम के दौरान पैरेंट्स को भी सलाह दी है। उन्होंने कहा कि बच्चे तभी भविष्य में बेहतर कर सकते हैं, जब उन्हें अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अपनी ताकत की पहचान करने में अपने माता-पिता और शिक्षकों का सही समर्थन मिले। अपने सपनों या अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करने का निर्णय लेने में छात्र अक्सर दुविधा में रहते हैं। इसलिए क्रू मोदी ने माता-पिता से अपील कि वे अपने बच्चों की रुचियों को समझें और उनकी ताकत को पहचानने में उनकी मदद करें।

### कॉम्पीटीशन से न डरें स्टूडेंट्स

PM मोदी ने कहा कि कॉम्पीटीशन से डरने की चीज नहीं है। वास्तव में, यह कुछ ऐसा है जिस पर आपको ध्यान देना चाहिए। प्रतिस्पर्धी बनें। पीएम मोदी ने कहा कि, छात्रों से परिणाम की परवाह किए बिना प्रतियोगी परीक्षा देने के लिए कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि, अगर आज बहुत अधिक कॉम्पीटीशन है तो आपकी पीढ़ी के लिए बहुत सारे विकल्प भी तो मौजूद है।

## बसपा प्रमुख मायावती की कार्रवाई, पूर्व विधायक समेत तीन नेताओं को पार्टी से निकाला

यूपी के मथुरा जिले में बहुजन समाज पार्टी ( बसपा ) के एक पूर्व विधायक समेत तीन नेताओं को अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। बसपा जिलाध्यक्ष योगेश कुमार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2007 में गोकुल और 2012 में गोवर्धन से बसपा के विधायक रह चुके राजकुमार रावत तथा दो अन्य नेताओं-एसके शर्मा व सोन पाल को बृहस्पतिवार को पार्टी से निकालने का फैसला लिया गया। हालांकि, उनके निष्कासन की अवधि अभी तय नहीं की गई है। कुमार के मुताबिक, निष्कासित नेताओं पर आरोप है कि उन्होंने हाल ही में संपन्न उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार की समीक्षा के लिए लखनऊ में बुलाई गई बैठक में शिरकत नहीं की। मालूम हो कि मांट विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी का टिकट नहीं मिलने से नाराज एसके शर्मा चुनाव से ऐन पहले बसपा में शामिल हुए थे और उन्होंने मथुरा सीट से किस्मत आजमाई थी। शर्मा ने हालांकि, 11 मार्च को ही बसपा की सदस्यता से इस्तीफा देने का दावा किया है। कुमार ने बताया कि पार्टी से निष्कासित तीसरे नेता सोनपाल ने छाता विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था।



## पंतनगर थाना क्षेत्र में हुई ट्रक लूट का वांछित पुलिस टीम की गिरफ्त में

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर- दिनांक 23/03/2022 को थाना पंतनगर में वादी श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री राम चन्द्र पुरानी आई0टी0आई0 के पास, गौजाजाली हल्द्वानी जनपद नैनीताल द्वारा तहरीरी सूचना बाबत् दिनांक 22/03/2022 की रात्रि 22.00 बजे खुद का वाहन कन्टैनर क्र93ञ्ज5008 जिसे वाहन के चालक अरविन्द पुत्र श्री स्व0 श्री ओम पाल सिंह द्वारा लोड करने हेतु नैसले कम्पनी के पास खड़ा किया गया था, को अज्ञात बदमाशो द्वारा चालक को बंधक बनाकर लूट लेना व ड्राइवर अरविन्द को दोराहा बाजपुर क्षेत्र में झाडियो में फेक कर वाहन को ले जाना दाखिल की गयी थी। तहरीर के आधार पर थाना पंतनगर पर मु0अ0स0-52/2022 धारा 392 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त घटना के अनावरण एवं प्रकाश में आये वाछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन पर श्रीमान् क्षेत्राधिकारी महोदय पंतनगर श्री अमित कुमार के नेतृत्व में थाना पंतनगर व स्व्हत्र की पुलिस टीमो का गठन किया गया था। साबिर कन्टैनर ड्राइव करने लगा जब कि कुलविन्दर ट्रक चालक अरविन्द को दबा कर कन्ट्रैनर में बैठा रहा और भारत सिंह उनके पीछे-पीछे से होते हुए अपनी मोटर साईकिल से गया लैबडा पुल बाजपुर के पास तीनो ने चालक अरविन्द को पेड़ से बाध दिया और साबिर अली ट्रक लेकर मुजफ्फर नगर चला गया और कुलविन्दर व भारत सिंह मोटर साईकिल से अपने घर पीलीभीत वापस चले गये। रास्ते से साबिर ने इसी प्रकरण में पूर्व में जेल जा चुके अभियुक्त शाहरुख से ट्रक लूटने की बात बतायी और उसे देवबंद से मुजफ्फर नगर बुलाया था । आज दिनांक 01/04/2022 को थाना पंतनगर व स्व्हत्र की सयुक्त टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त भारत सिंह पुत्र श्री पूरन सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी उपरोक्त को वाद पूछताछ एस0ओ0जी0 कार्यालय रुद्रपुर से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त से घटना में प्रयुक्त उसका मोबाईल फोन बरामद किया गया है। गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त - 1- भारत सिंह ( उ0प्र0 ) पुत्र श्री पूरन ह्नसिंह निवासी मैनीकुलडिया थाना माधोटाण्डा जिला - पीलीभीत बरामदा माल -1- अभियुक्त भारत सिंह का घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन



# सेवानिवृत्त अधिकारी व शिक्षकों को दी गई विदाई



मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ- सहकारिता विभाग के अधिकारी अपर सहकारी अधिकारी श्री मनोज कुमार उत्तम के लिए विदाई दी गई सहकारिता विभाग की तरफ से जिसमें जिला सहायक निबंधक बदायूं श्री अभिषेक कुमार मिश्रा ब मुख्य विकास अधिकारी ने दी विदाई जिस के उपलक्ष में विकास भवन में फूल माला ढोल नगाड़े के साथ जशन को मनाया गया और लोगों ने नाच गा कर विदाई की इसी इसमें विदाई समारोह में सहकारिता परिवार के सभी अधिकारी ब सचिव उपस्थित थे इसी तरह प्राथमिक विद्यालय कि प्रधाना अध्यापिका श्रीमती कुमुदनी चौहान के लिए विदाई समारोह में उप जिलाधिकारी दातागंज दातागंज चेयरमैन आकाश वर्मा जिला पंचायत सदस्य दलवीर सिंह यादव पूर्व ए बीआरसी श्रीमती कमलेश अन्य शिक्षक प्राथमिक विद्यालय की आनंदपुर के भी श्री डीपी सिंह अध्यापक लोग उपस्थित थे और क्षेत्र के गणमान्य लोग ठाकुर रामनरेश सिंह श्री सुनील कुमार सिंह उदित चौहान जी

# जिले में गेहूं खरीद केंद्र को 1 अप्रैल से खोले गए




मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ- आज सरकारी गेहूं क्रय केंद्र जिले में सभी केंद्रों को खोला गया जिस पर सभी प्रभारी अपने बैनर ब कांटे केंद्र पर उपस्थित थे किसानों के लिए बैलट पेपर के माध्यम से जागरूक किया गया और सहकारिता विभाग की तरफ से साधन सहकारी समितियों पर अधिक केंद्र खोले गए हैं जिन पर गेट के बाहर सही जगह पर बैनर लगाया गया है जिस पर समर्थन मूल्य ?2015 प्रति कुंतल लिखा है यह पढ़ का किसान खुश नजर आ रहे हैं और किसानों को सबसे ज्यादा नजदीक गेहूं क्रय केंद्र साधन सहकारी समिति ही होती है ऐसे में सबसे पहले किसान अपना गेहूं समिति पर ले जाता है और अपना समर्थन मूल्य का गेहूं का सही भाव लेता है जिसमें समय-समय पर जिले के अधिकारी व सहकारिता विभाग के अधिकारी किसानों के साथ सेंटर पर क्रय केंद्र पर बातचीत करते हैं और केंद्र प्रभारी को दिशा निर्देश भी देते हैं इस बार किसानों के लिए बैठने की व्यवस्था व पानी पीने की व्यवस्था भी की गई है जोकि म्याऊं ब्लॉक में साधन सहकारी समिति चितौरा म्याऊं नवीगंज जमालपुर ककराला सभी केंद्र पर केंद्र प्रभारी उपस्थित थे इन केंद्र प्रभारियों ने अपनी सारी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली है

# गो-संरक्षण केन्द्रों में गोवंशों को कोई दिक्कत न होने पावे



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निराश्रित/बेसहारा गोवंश की समस्या के निदान हेतु गोवंश आश्रय स्थल की जनपद स्तरीय गोसंरक्षण, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें जनपद के निराश्रित/बेसहारा गोवंश से किसानों की फसलों के नुकसान एवं सरकारी संस्थाओं में अपने गोवंशों को बंद करने एवं राष्ट्रीय राजमार्गो पर आवारा गोवंश द्वारा उत्पन्न समस्याओं के निदान किये जाने हेतु समीक्षा की गई। शासन के निर्देश के क्रम में गो आश्रय स्थल की स्थापना, संचालन, क्रियान्वयन एवं प्रबन्धन के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पशुओं की शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि गो-संरक्षण केन्द्रों में रहने वाले गोवंशों को कोई दिक्कत न होने पावे, इसके लिए चारा-पानी एवं उनके रहने के लिए छाया की व्यवस्था भी सुनिश्चित रहनी चाहिए, ताकि उन्हें गो-आश्रय केन्द्रों में कोई दिक्कत न होने पावे। उन्होंने कहा कि गोशाला में किसी भी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, पशु खुले में नहीं रहेंगे। कहीं भी किसी जानवर को कोई हानि पहुंचती है तो सम्बन्धित चिकित्सक तत्काल जानवरों का उपचार करेंगे। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को सप्ताह में एक बार तहसील स्तरीय बैठक कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिया कि ब्लॉक लेवल पर प्रत्येक गौशाला की अलग-अलग फाइल होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों/ अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत/ नगर पालिका को निर्देशित किया कि वह विकास खण्डवार नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थलों की सूचना कुल संरक्षित गोवंश पशुओं की संख्या, ईयर टैग किये गये पशुओं की संख्या, शेड( पूर्ण/निर्माणाधीन/साइज ), हरा चारा/भूसा/स्वच्छ पानी/विद्युत/ प्रकाश की उपलब्धता, अस्थायी गो आश्रय स्थल मे भरण-पोषण हेतु प्राप्त धनराशि की सम्परीक्षण बिन्दुओं पर सूचना संकलित करके मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के कार्यालय में बैठक से पूर्व उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने निर्देशित किया है कि गोवंश आश्रय स्थल में संरक्षित समस्त गोवंश पशुओं की शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग कराना, नियमित निरीक्षण एवं पंजिका पर अंकन कराना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया है कि जिन भी गौशालाओं में निरीक्षण के दौरान जैसे- गोवंश आश्रय मे पानी, शेड एवं विद्युत/प्रकाश एवं चरनी आदि की कमी पायी जाती है तो उसे तत्काल सूचीबद्ध कराया जाए तथा सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के माध्यम से व्यवस्थाओं को दुरूस्त करा दिया जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री की निराश्रित/बेसहारा गोवंश जन सहभागिता योजना के अन्तर्गत गोवंशों की सुपुर्दगी भी किया जाए। उन्होने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि गौशालाओं में धनराशि खर्च होने के बाद भी उपयोगिता प्रमाण-पत्र समय से सम्बन्धित कार्यालय को उपलब्ध नही करायी जाती है, जिससे बजट की और किश्त देने में विलम्ब होने की सम्भावना रहती है। इसलिए धनराशि खर्च होते ही तत्काल उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराकर बजट की अगली किश्त ली जाए, ताकि गोवंशों के भरण-पोषण में दिक्कत न होने पाये। यदि गो-आश्रय स्थलों में साधन सुविधा की कोई कमी प्रतीत होती है तो सम्बन्धित पशु चिकित्साधिकारी खण्ड विकास अधिकारियों के संज्ञान में लाकर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर बैठक का संचालन मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 जयइन्द्र सिंह ने किया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी क्रमशः भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, इकौना आर0पी0 चौधरी एवं जमुनहा सौरभ शुक्ला, प्रभागीय वनाधिकारी ए0पी0 यादव, जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, उपनिदेशक कृषि कमल कटियार, जिला आबकारी अधिकारी पी0के0 गिरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रभुराम चौहान, सहायक निदेशक मत्स्य सुरेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी आशा सिंह सहित सभी खण्ड विकास अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या में तीन गिरफ्तार

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-प्रभारी निरीक्षक रमेश थाना कोतवाली भिनगा मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा वांछित अभियुक्ता 1. विशाल पुत्र बनवारीलाल उर्फ राधेश्याम 2. बनवारी लाल उर्फ राधेश्याम पुत्र केशवराम 3. सीता देवी पत्नी बनवारी लाल उर्फ राधेश्याम निवासीगण पुराना डाकघर कस्बा थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को उनके घर से गिरफ्तार किया। तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद श्रावस्ती के न्यायालय पर पेश किया जहां पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रावस्ती ने उनका बेल एप्लीकेशन खारिज कर जेल रवाना कर दिया

# प्रदेश कमाने गए युवक का शव घर पहुँचते ही पीड़ित परिजनों में मचा कोहराम



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिले के थाना मल्हीपुर क्षेत्र के लालबोझा दर्वेश गांव में प्रदेश कमाने गए युवक का शव पहुँचते ही पीड़ित परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना मल्हीपुर क्षेत्र के लालबोझा दरवेश गाँव निवासी 17 वर्षीय इरफान पुत्र यूसुफ अपने पिता के साथ सिलाई का कार्य करने राजस्थान के पुस्कर गया हुआ था सिलाई का कुशल कारीगर होने के चलते सिलाई कंपनी में इरफान पिछले पांच महीने से नौकरी कर रहा था। वही पिता यूसुफ भी थोड़ा दूर पर दूसरी कंपनी में सिलाई का का काम कर रहे थे । इरफान कंपनी से थोड़ी दूर पर कमरे में खाना खाने के लिए अपने 3 साथियों के साथ जा रहा था तभी पीछे से बेकाबू ट्रक ने उसे रौंद दिया जिससे मौके पर ही इरफान की मौत हो गई। साथियों ने तुरंत इसकी सूचना पिता यूसुफ को दी। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में आवश्यक कार्यवाही की पोस्टमार्टम के बाद शव को पिता के सुपुर्द कर दिया। पिता अपने 17 वर्षीय बेटे के शव को लेकर जब अपने गांव ललबोझा दरवेश गाँव पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया वहीं मौके पर देखने के लिए आसपास के कई गांवों के लोग जमा हो गए

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

# मुरादाबाद/ आसपास

www.knlslive.com

02 April 2022



## प्राथमिक विद्यालय अदलपुर मे बच्चों को रिपोर्ट कार्ड का वितरण किया गया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- विकासखंड डिलारी के प्राथमिक विद्यालय अदलपुर मे बच्चों को रिपोर्ट कार्ड का वितरण किया गया। कोरोना महामारी के चलते दो वर्ष बाद बेसिक विद्यालयों में परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसका बच्चों और शिक्षकों में बहुत उत्साह था। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की प्रेरणा और खण्ड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन से विद्यालय में रिपोर्ट कार्ड वितरण को पर्व की तरह मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य और बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहें। प्रबंध समिति अध्यक्ष और विद्यालय परिवार ने अपनी अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। विद्यालय की प्रधान अध्यापिका संयोगिता ने बताया कि कक्षा 1 में यश आर्य और आरोही , कक्षा 2 में सोनिका और मीनाक्षी , कक्षा 3 में उवैश , कक्षा 4 में फरहाना, कक्षा 5 में रिहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सह अध्यापिका मीनाक्षी, रेनू, केशव कुमार ने सभी बच्चों को नवीन कक्षा में प्रवेश के लिए शुभकामनाएं दी और सभी को नियमित रूप से विद्यालय आने और नियमित पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

## करुला निवासी युवती ने लगाया युवक पर शादी का झांसा देकर अवैध संबंध बनाने का आरोप

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-करुला निवासी युवती ने लगाया युवक पर शादी का झांसा देकर अवैध संबंध बनाने का आरोप, किया शादी से इनकार इतना ही नहीं युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर किया मारने का प्रयास मुरादाबाद-शहर के कटघर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने पड़ोस में ही रहने वाले एक युवक पर शादी का झांसा देकर 2 साल तक शारीरिक संबंध बनाने और अब शादी करने से इनकार करने और धोखे से जहरीला पदार्थ खिलाकर जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है, युवती को उसके परिजनों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बता दें कि कटघर थाना क्षेत्र के करुला निवासी एक युवती ने अपने ही पड़ोस के रहने वाले अब्दुल्ला नामक युवक पर गंभीर आरोप लगाया है, युवती का आरोप है कि अब्दुल्ला ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ अवैध संबंध बनाये,2 साल तक युवक शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाता रहा, युवती का आरोप है कि जब उसने युवक पर शादी करने का दबाव बनाया तो युवक अब शादी करने से इंकार कर रहा है, और साथ ही युवती ने युवक पर यह भी आरोप लगाया है कि उसने उसे धोखे से जहरीला पदार्थ खिलाकर उसकी जान लेने की भी कोशिश की है, फिलहाल युवती का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है और युवती न्याय की गुहार लगा रही है, युवती का कहना है कि या तो युवक उससे शादी करें नहीं तो पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई करें।

## गेंहू खरीद की तैयारियों के संबंध में कलेक्टेट सभागार में कार्यशाला/प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में रबी विपणन वर्ष 2022-23 में गेंहू खरीद की तैयारियों के संबंध में कलेक्टेट सभागार में कार्यशाला/प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी ने गेंहू क्रय केन्द्र प्रभारियों को गेंहू क्रय केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि गेंहू क्रय केन्द्र प्रभारी किसानों के प्रति अपने व्यवहार को ठीक रखे तथा किसानों के प्रति संवेदनशील होकर कार्य करें। क्रय केन्द्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने दें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रात: 9 बजे से सायं 6 बजे तक गेंहू क्रय केन्द्रों पर गेंहू की खरीद का समय निर्धारित है। उन्होंने कहा कि गेंहू क्रय केन्द्रों पर केन्द्र प्रभारी ठीक प्रकार से कार्य करेंगे तो प्रशासन आपके साथ है यदि गलत कार्य गेंहू क्रय केन्द्रों पर होता पाया गया तो उसका गम्भीर परिणाम गेंहू क्रय केन्द्र प्रभारी को भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि क्रय केन्द्रों पर आपकी शिथिलता एवं लापरवाही के कारण किसानों को परेशानी अथवा समस्या हुई तो निश्चित तौर पर एफआईआर दर्ज भी करायी जायेगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि क्वालिटी के नाम पर किसानों को उत्पीडन न किया जाये तथा गेंहू का भुगतान किसानों को समय से सुनिश्चित कराया जाये तथा गेंहू क्रय केन्द्रों पर पानी, छाया, सामयाना, कांटा, बोरा आदि सभी व्यवस्थायें समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। क्रय केन्द्रों पर ऐसा माहौल बनाये कि किसान आपकी प्रसंशा करें। उन्होंने कहा गेंहू क्रय केन्द्रों पर दिखायी पडने चाहिए कि कार्य ठीक प्रकार से हो रहा है। जिले में बेहतर गेंहू खरीद का माहौल विकसित किया जाये तथा किसानों को प्रोत्साहित करके रजिस्टेªशन करायें। उन्होंने कहा कि किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य गेंहू का मिलेगा तो हमारी विजय होगी। उन्होंने सभी जिला प्रभारियों से समय से गेंहू क्रय केन्दों पर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसान किसान का गेंहू खराब क्वालिटी के आधार पर नही खरीदते है तो उसके स्टेप्स फालो किए जाये। किसानों से नियम संगत वार्ता करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गेंहू खरीद में पूरी तत्परता से कार्य करें। जनपद का स्थान गेंहू खरीद में उत्कृष्ट स्थान बनाये रखने में सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री सुरेन्द्र सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह, राजेश प्रताप सिंह क्षेत्रीय विकास अधिकारी खाद्य विभाग, बी0एस0 कुशवाहा आर0एम0 पीसीएफ, जितेन्द्र पाल सिंह सहायक निबन्धक सहकारिता, गेंहू खरीद एजेंसी पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस, मार्केटिंग, एसएफसी, एफसीआई, के प्रतिनिधि एवं गेंहू क्रय केन्द्र प्रभारी उपस्थित रहें।

## अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष के पद पर बने मजहर अली समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-दरअसल आपको बता दें उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद में अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा संगठन मंच का एक कार्यक्रम आज शहर के मानपुर क्षेत्र में स्थित एक शादी हॉल में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा संगठन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रईस आगा, राष्ट्रीय महामंत्री सोहेल खान का भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा संगठन मंच के नेताओं ने मजहर अली को महानगर अध्यक्ष मनोनीत किया। मजहर अली को अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा संगठन मंच का महानगर अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए मजहर अली ने कहा कि महानगर की जिम्मेदारी मुझे दी गई है भाजपा संगठन मंच अल्पसंख्यक मोर्चे से, मुझे बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी गई है, मुरादाबाद शहर में जो लोग भटके हुए हैं, भाजपा को अपना दुश्मन मानते हैं, हम उनको यह बताएंगे कि भाजपा आपकी दुश्मन नहीं है आप बहकावे में ना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वह भाजपा की नीतियों से मुस्लिम समाज को अवगत कराएंगे कि भाजपा सबका साथ सबका विकास वाली पार्टी है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# India at the time of war

As much as India is under pressure these days, it is also in demand. Top officials and leaders of many top countries of the world have turned to India. Especially since the beginning of the war between Russia and Ukraine, India has been witnessing the presence of some foreign minister or foreign service official. India's neutral position has kept the world's superpowers restless. India has taken the side of Ukraine in the United Nations, but it has not gone against Russia either. In such a situation, the perception has spread that India is not supporting NATO the way it should. So India is under pressure not only from the US but also from the European countries. Diplomats from countries like America, Russia, China, Mexico, Netherlands, Britain etc. are constantly keeping an eye on India and trying to pull it towards themselves. It is no coincidence that when Russian Foreign Minister Serges Lavrov is on a visit to India, US Deputy National Security Adviser Dalip Singh is also present in India. Russia wants help from India, so does America. America will never want India to help Russia in any way, and Russia is also trying to stop India from standing with NATO in the war. Even in the worst days, the explosion that India had done in the past by giving permission to buy oil from Russia, is still echoed in the world. America, NATO and European countries understood that India wants to keep helping Russia through the back door, because Russia is its old ally. Above all, China has now almost literally opened up with Russia. Keep in mind, the Russian Foreign Minister had come to India only through China. The Chinese Foreign Minister had also recently come to India and tried to persuade India in his own way, but in this hustle and bustle, China wants to continue doing business with India without any compromise or concession. Russia and America are somewhat different in this matter, both countries have something to woo India. America is now closer to India also in terms of oil, technology, IT, education, trade, tourism and cultural. India had a lot of affection for Russia as well, but during the time of Vladimir Putin, Russia has been shown standing with China on most occasions and some distance has also been created from India. Obviously, our External Affairs Minister S Jaishankar and National Security Advisor Ajit Doval are among the busiest people in the country at the moment.

Needless to say that today our country is at a turning point in the rapidly changing world order. Steps should be taken very carefully. Without coming under pressure from any foreign leader or official, the interest of our country has to be put first. It is time for condolences to the countries and their peoples who are suffering due to war. If no stone is left unturned in condemning the war and helping Ukraine, the world will understand India's side. Under no circumstances should India refrain from jumping into the war. Keeping the spirit of anti-war and the support of humanity, it should also be kept in mind that the number of lovers of India in the world should increase, not of anti-India.

## Samantha Ruth Prabhu's bold style created a flutter, the hotness of 'Oo Antava' actress raised the internet's mercury

South Superstar Samantha Ruth Prabhu recently rocked the internet with her hot dance moves. Samantha, who stunned on Allu Arjun starrer Pushpa's chartbuster hit song 'Oo Antava', suddenly started being counted among the bold actresses of the industry. Recently, her very bold photoshoot is becoming fiercely viral on social media, in which the actress is posing in a bralette. Samantha has emerged as the new CoverGirl for fashion and entertainment magazine, Cosmopolitan India. The actress looks quite fit and sizzling in a multi-coloured bralette and Thai slit skirt. It is taken from the collection 'The Enchanted Garden' by fashion designer Rahul Mishra. Samantha wore a beautiful pedant chain in the neck to complete her look, pairing it with a beautiful watch. The actress has kept makeup minimal with her dress. Samantha looks doom in open hair Recently Samantha came into limelight when she unfollowed ex-husband Naga Chaitanya on social media. However, the Nagas still follow him. Samantha shared a cryptic post after unfollowing Naga. Samantha has shared a post on her Instagram story. He wrote, 'Sometimes the power is not such a big fire inside you that everyone can see it.. Sometimes it is a small spark that very calmly says keep moving forward, you will get it. Some time back reports surfaced that Samantha has returned her wedding sari to Naga Chaitanya and his family. Not only this, there were also reports that both can come together. But later Samantha called this news nonsense. On the work front, Samantha is busy shooting for her upcoming film Yashoda these days. While he has a lot of projects lined up at the moment, Naga Chaitanya is going to make his Bollywood debut with Aamir Khan's Laal Singh Chaddha.



## Urfi Javed said 'aunty' to Sussanne Khan's sister in gestures, did this act in the new video

There is a fierce debate between Bigg Boss OTT fame Urfi Javed and Sussanne Khan's sister Farah Khan Ali. Recently, while commenting on a video of Urfi Javed, Farah Khan Ali had called her dressing sense as absurd. After this, Urfi Javed tried to give a befitting reply to Farah by writing a two-page note on Instagram. In this issue, Urfi Javed also pointed fingers at the dressing sense of Bollywood star kids. Meanwhile, her new video has surfaced, in which she is seen calling Farah aunty in a suppressed tongue. By sharing the video, Urfi again targeted"Even after replying in two pages, Urfi Javed did not feel satisfied, so he has now shared a video on Instagram. In this video that surfaced, Urfi Javed is seen wearing his dress. Sharing the video, Urfi Javed wrote, 'When gossip aunties comment on Instagram that my dressing sense is tasteless...Yeh tasteful enough for aapko liye...(Watch my Instagram story to know more. On this video of Urfi Javed, many people are seen appreciating his courage."Controversies have had an old relationship"This is not the first time that Urfi's name has cropped up in a controversy. Recently, Urfi Javed had exposed a casting director and after that all the actresses of the industry came forward and supported Urfi Javed. Earlier, Urfi Javed has also attracted the attention of people by making many revelations about the breakup with serial Anupama's actor Paras Kalnavat.



# करोड़ों खर्च से मेडिकल कॉलेज बना, पर पेयजल की व्यवस्था नहीं




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-करोड़ों रुपये खर्च करके मेडिकल कॉलेज तो बना दिया गया। मगर यहां मरीजों और तीमारदारों के लिए पीने के पानी की कोई व्यवस्था नही है। मरीज या तो पानी को खरीदकर लाए अथवा बाहर जाकर हैंडपंप की तलाश कर पानी भरें। तीसरे मंजिल पर भर्ती मरीजों के परिजनों को पानी के लिए इधर से उधर भटकना पढ़ता है। ऐसा नहीं है कि वहां पर आरओ नहीं है। दो-दो आरओ होने के बाद भी बंद पड़े है। भीषड गर्मी में बिना पानी के मरीज परेशान रहते है। गुरुवार की दोपहर को मेडिकल कॉलेज में पीने के पानी की समस्या को देखा। रोजाना मेडिकल कॉलेज में करीब 1500 से अधिक पर्चे बनते है। यह रोजाना आने वाले मरीजों की संख्या है। इनके साथ कुछ तीमारदार भी आते है। पानी की कोई व्यवस्था ना होने के कारण लोग अपने-अपने हाथों में पानी की बोलते थामें रहते है। इसमें चाहे सुरक्षा गार्ड हो अथवा डाक्टर। हर किसी के साथ में पानी की बोलत ही दिखाई देती है। जब पुराना जिला अस्तपाल था तो एक पीने के पानी के लिए आरओ प्लांट लगा हुआ है। यह प्लांट खराब है। जो पानी की टंकी है उसका ढक्कन ही गायब है। उसके ऊपर ईंट पत्थर रख दिए गए है। यहां पानी की कोई उपलब्धता नहीं है। इसके बाद हमने महिला अस्तपाल की ओर से लगे आरओ प्लांट का हाल देखा। वहां पर भी आरओ प्लांट बंद था। पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। किनारे से एक टंकी लगी थी उसमें कौन सा पानी आ रहा था यह पता नहीं, लेकिन मरीज के साथ आए तीमारदार भी यह देखकर परेशान थे कि पीने का पानी कहां पर मिलेगा।

### वार्डों में भी पीने के पानी की व्यवस्था नहीं

महिला अस्पताल में बनी हुई विंग में अलग-अलग बार्ड बने हुए है। तीन मंजिल तक इसमें मरीज भर्ती रहते है। इस विंग के किसी भी फ्लोर पर पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। प्रथम तल पर प्रसव पीड़ित महिलाएं भर्ती रहती है। दूसरे तल पर ओपीडी चलती है। तीसरे और चाथे तल पर मरीज भर्ती रहते है। ऐसे में एक बोतल भी पानी लेना है तो इन लोगों को अस्तपाल के बाहर जाना पड़ता है। यहां पर मैं सुबह से दिखाने के लिए आया हूं। जब मुझे प्यास लगी तो मैं इधर-उधर काफी देर से देख रहा हूं कि कहीं पानी पीने के लिए मिल जाए। कहीं पर भी कोई पानी नहीं दिखाई दिया। कोई ऐसा हैंडपंप भी नहीं मिला जिस पर मैं पानी पी लूं। मनोज चौहान, मरीज इतना बड़ा मेडिकल कॉलेज बनाया जा रहा है। यहां पर पानी का कोई इंतजाम नहीं किया गया है। पानी के लिए इधर से उधर भटकना पढ़ता है। पानी ना होने से काफी परेशानी होती है। इस भीषड़ गर्मी में पल-पल पर पानी की जरुरत पढ़ती है। अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए।- रिपुसूधन, तीमारदार करीब दस माह पहले सदर विधायक जी ने आरओ प्लांट के लिए पैसा दिया था। यह पैसा अभी नहीं मिल सका है। कई बार सीडीओ साहाब को पत्र भी लिखा है। फोन पर वार्ता भी हुई है। इसे सही कराने के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।- डा. अशोक कुमार, सीएमएस महिला अस्तपाल

WWW.KNLSLIVE.COM

# मोहनपुर को विकासखंड बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज -जनपद की सबसे पुरानी नगर पंचायत मोहनपुर को विकासखंड बनाए जाने की मांग को लेकर दिसंबर 2021 में चलाए गए आंदोलन के परिणाम सकारात्मक आने शुरू हो गए हैं। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने शपथ लेने के बाद मोहनपुर को विकासखंड बनाए जाने की दिशा में कार्यवाही प्रारंभ कर दी है और सरकार के स्तर से जिला प्रशासन से इस संबंध में विकासखंड बनाए जाने को लेकर आख्या मांगी गई है। मोहनपुर अभियान के संयोजक भाजपा नेता डॉ प्रदीप रघुनंदन ने आज मुख्य विकास अधिकारी श्री तेज प्रताप मिश्र से मुलाकात कर इस संबंध में संपूर्ण जानकारी उन्हें उपलब्ध कराते हुए मोहनपुर को विकासखंड बनाए जाने की मांग को लेकर समस्त पत्र जाति मुख्य विकास अधिकारी महोदय को सौंपी। भाजपा नेता डॉ प्रदीप रघुनंदन ने बताया कि पिछले दिसंबर 2021 को चलाए गए 28 दिन के आंदोलन के परिणाम सामने आ रहे हैं और राज्य सरकार ने मोहनपुर वासियों



की मांग को दृष्टिगत रखते हुए जनहित में जिला प्रशासन से आख्या मांगी है और इसके बाद मोहनपुर को विकासखंड बनाए जाने का रास्ता स्पष्ट हो जाएगा। डॉ रघुनंदन ने कहा कि दिसंबर में चलाए गए मिशन मोहनपुर अभियान के बाद ही मोहनपुर को विकासखंड बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी लेकिन बीच में विधानसभा के चुनाव आ जाने के कारण आचार संहिता के चलते यह कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी थी। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रतिनिधियों ने जो आश्वासन दिया था उस पर सरकार खरी उतर रही है और मोहनपुर को विकासखंड बनाए जाने की दिशा में चुनाव समाप्त होने के बाद ही कार्रवाई प्रारंभ हो गई है उन्हें पूरा भरोसा है कि जनकल्याण और मोहनपुर वासियों की पिछले कई वर्षों से चली आ रही मांगों को दृष्टिगत रखते हुए निश्चित रूप से सरकार के स्तर पर शीघ्र ही इस संबंध में फैसला लेते हुए मोहनपुर को विकासखंड घोषित कर दिया जाएगा जिससे न सिर्फ क्षेत्रीय विकास का एक नया खाता खुलेगा बल्कि यहां के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं भी मिलेंगी।

# विकास भवन में अनुपस्थित मिले चार अधिकारी, 44 कर्मचारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सीडीओ डा. अवधेश कुमार वाजपेयी ने गुरुवार प्रातः 10.20 बजे विकास भवन स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। सीडीओ के निरीक्षण में 11 कार्यालयों में चार अधिकारी एवं 44 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इनसे स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त न होने




की दशा में संबंधित के का वेतन रोकते हुए प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को सीडीओ के निरीक्षण में अधिशासी अभियन्ता आरईडी मोहम्मद शमीम, जिला कृषि अधिकारी एमपी सिंह, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, एडीपीआरओ मनोज कुमार त्यागी, एडीपीआरओ मनोज कुमार यादव, कर्मचारियों में साधना गुप्ता प्रशासनिक अधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता प्रधान सहायक, सोनी मिश्रा वरिष्ठ सहायक, प्रेमलता वरिष्ठ सहायक, पंकज दीक्षित वरिष्ठ सहायक, मीना प्रताप सिंह कनिष्ठ सहायक, प्रमोद कुमार वाहन चालक, राजेश कुमार वाहन चालक, हबीवुल रहमान पत्रवाहक, सुमन दुबे पत्रवाहक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के अतुल कुमार गुप्ता संख्या सहायक, प्रमोद पचौरी तकनीकी अन्वेषक, संजय कुमार गुप्ता, महेशचन्द कनिष्ठ लिपिक, राजेश कुमार नाजिर, रहीसपाल पत्रवाहक, रामगोपाल पत्रवाहक, अर्थ एवं संख्या कार्यालय के सोरन सिंह अपर संख्या अधिकारी, अरविन्द कुमार सिंह, शैलेन्द्र कुमार वरिष्ठ लिपिक, विनोद कमार वाहन चालक, राजेश कुमार पत्रवाहक, जिला कृषि रक्षा कार्यालय के अनन्त प्रताप सिंह प्रधान सहायक, फरजाना खातून ऊ र्दू अनुवादक, मुकेश कुमार शर्मा वरिष्ठ लिपिक, गोविन्द सिंह वरिष्ठ सहायक, अनुराग शर्मा कनिष्ठ सहायक, विनय जीप चालक, जिला कृषि अधिकारी कार्यालय के अमित कुमार बाल्यान, जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के मुकेश कुमार गुप्ता लेखाकार, अनुज कुमार एडीपीएम, शैलेन्द्र कुमार, मुनीश कुमार कम्प्यूटर प्रोग्रामर, गीता एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के महेन्द्र सिंह वाहन चालक, युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी कार्यालय के सुमित कुमार बीओ, बैशाली बीओ, रामवीर सिंह वरिष्ठ सहायक, उपायुक्त एनआरएलएम कार्यालय के अरबिन्द कुमार सिंह लेखाकार, परियोजना प्रबंधक यूपी डास्प कार्यालय के अरूण कुमार सहायक लेखाधिकारी सहित 11 कार्यालयों के कुल 44 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। सीडीओ ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारी कार्यालय से गायब रहे हैं। यह स्थिति अत्यन्त ही गम्भीर एवं खेदजनक है। अधिकारी, कर्मचारी प्रतिदिन नियत समयान्तर्गत कार्यालय में उपस्थित होकर सौंपे गये कार्यों का सम्पादन करें।

# चौराहों से लेकर तहसील तक वाटर कूलर खराब

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जलेसर गर्मी लगातार बढ़ रही है। तल्ख धूप में बाहर निकलने वाले लोगों की आंखें ठंडे पानी की तलाश में रहती हैं, लेकिन नगर में लगे वाटर कूलर खराब पड़े हैं। चौराहों से लेकर तहसील तक लगे वाटर कूलर से सादा पानी निकल रहा है। जिससे राहगीर और वादकारियों को प्यास बुझाना मुश्किल हो रहा है। नगर पालिका परिषद ने राहगीरों को शुद्ध व ठंडा पानी मुहैया कराने के लिए तहसील परिसर गेट, आगरा चौराहा, गांधी चौक, शेरगंज, बाईपास रोड, विधायक आवास, पालिकाध्यक्ष कैंप कार्यालय, जीजीआईसी गेट, स्टेट बैंक, चिंताहरण मंदिर पर आरओ वाटर कूलर लगवाए हैं, लेकिन ये काम नहीं कर रहे हैं। तहसील परिसर के मुख्य द्वार पर लगे वाटर कूलर से गर्म पानी आ रहा है। यहां हर दिन सैकड़ों वादकारी, शिकायतकर्ता, बैनामा आदि से संबंधित लोग पहुंचते हैं। ऐसी भीषण गर्मी के बीच ठंडे पानी की मशीन देख लोग उत्साह के साथ वहां पानी पीने पहुंच रहे थे, लेकिन पानी सादा देख निराशा हाथ लग रही थी। अपने काम के सिलसिले में तहसील आए सुरेश चंद्र, अरविंद कुमार, मोहित कुमार, सचिन बाबू, वीरेश कुमार, अनुज आदि ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों से वाटर कूलर गर्म पानी दे रहे हैं। यहां काफी दूर तक के लोग आते हैं,गर्मी और प्यास से अकुला जाते हैं। ठंडा पानी न मिल सके तो ऐसे वाटर कूलर का क्या लाभ? यही हाल चिंताहरण मंदिर के बाहर लगे वाटर कूलर का है। यहां भी बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं तथा राहगीरों को ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा है।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# एक सप्ताह से बिहार पुर के चौका पारा में ट्रांसफॉर्मा पड़ा हुआ है खराब अंधेरे में रहने के लिए मजबूर हैं ग्रामीण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- बिहार पुर- सूरजपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी बिहार पुर के चौका पारा में 1 सप्ताह से बिजली ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है लेकिन विद्युत विभाग द्वारा नहीं दिया जा रहा है ध्यान अंधेरे में रहने के लिए मजबूर हैं पंडो जनजाति के ग्रामीण आपको बता दें कि चांदनी क्षेत्र के बिहार पुर के चौका पारा एक ऐसा बस्ती है जो पहाड़ों से सटा हुआ है और चारों ओर से जंगल है और उसी बस्ती में राष्ट्रपति के कहे जाने वाले दत्तक पुत्र पंडों जनजाति के लोगों की संख्या लगभग 50 से 60 घर है जहां विद्युत विभाग का बिजली का ट्रांसफार्मा 1 सप्ताह से खराब पड़ा हुआ है जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि पहाड़ी इलाका होने के नाते जंगली जानवरों का आना जाना रात में चालू हो जाता है और गर्मी भी काफी बढ़ गई है क्योंकि जंगल में आए दिन से आग लगी हुई है इस कारण गर्मी काफी बढ़ गई है और जंगली जानवरों का आना-जाना भी बस्ती तरफ हो गया है इस कारण वहां के ग्रामीणों को बिजली न होने के कारण मुश्किलें बढ़ गई है और चौका पारा के ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों को 1 सप्ताह से आवेदन दिया गया है कि चौका पारा मैं नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी अभी तक नया ट्रांसफार्मा लगाना उचित नहीं समझे इस कारण वहां के ग्रामीणों का जीना हो गया हराम और ग्रामीण ने यह भी कहा कि अगर तत्काल विद्युत विभाग के द्वारा नया ट्रांसफार्मा नहीं लगाया गया तो अब उच्च आंदोलन भी किया जाएगा उसका जवाब दार विद्युत विभाग ही होगा आगे देखना यह है कि क्या विद्युत विभाग नया ट्रांसफार्मा लगाती है या नहीं

# हाथियों की आमद से ग्रामीण दहशतजदा

## महुआ बीनने ग्रामीण जाते है जंगल



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-बिहारपुर- ओड़गी ब्लाक के बिहारपुर क्षेत्र में दो हाथियों का दल के आमद से ग्रामीण दहशत जदा है तो वही जंगल में आग लगने से वन्यजीव परेशान होकर आबादी क्षेत्र में पहुच रहे.प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दिनों जगलो में कई जगहों पर आग लगी हुई है. जिसे बुझाने में विभाग नाकामयाब है जिससे जंगल के वन्यजीव आबादी को ओर रुख कर रहे तो वही ग्रामीण महुआ संग्रहित करने में लगे हुए है बड़ी संख्या में ग्रामीण तड़के जंगल की ओर निकल जाते है महुआ बीनने और शाम को वापस घर पहुचे है अब हाथियों की आमद से महुआ बीनने वाले ग्रामीणों की जान आफत बनी आई है. क्षेत्र में दो हाथियों का दल अलग अलग स्थानों पर विचरण कर रहा. एक हाथियों के दल में 9 हाथी जो कोरिया सीमा से लगे भुंडा गांव के समीप मौजूद है जिससे ग्रामीण दहशतजदा है तो वही दूसरे में 5 हाथी छतरंग के आसपास विचरण कर रहे. बहरहाल हाथियों ने अभी तक किसी प्रकार की क्षति नही पहुचाई है लेकिन उनकी मौजूदगी से ही महुआ बीनने वाले ग्रामीणों की जान आफत में जरूर बनी हुई है. वन अमला और गुरु घासीदास के कर्मचारी फिलहाल नजर बनाए रखे है और कर ही क्या सकते है.

जो भी करना है हाथियों को ही करना है.फिलहाल ग्रामीण चिंतित और परेशान है एक तो जंगल मे आग लगी हुई है ऊपर से हाथियों का आना. तो वही ग्रामीणों का आय का जरिया बना महुआ कैसे बिनेगे. गौरतलब है की ग्रामीणों का मुख्य आय का जरिया बना महुआ बीनने ग्रामीण सुबह होते ही जंगल मे चले जाते है अब हाथियों की आमद से उनके आय पर क्षति पहुच रही है.

# मां गढ़वतिया के दरबार में बढ़ रही भक्तों की भीड़ लेकिन सुविधाओं की खल रही कमी

पप्पू जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-बिहारपुर- जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी - बिहारपुर के महुली गांव में स्थित गढवतिया मां दुर्गा का मंदिर सुविधाओं के अभाव में जीर्णशीर्ण है। यहां नवरात्र के समय दर्शन करने के लिए उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ समेत विभिन्न जगहों से लोग पहुंचते हैं। इसके बाद भी पहाड़ पर स्थित मां के दरबार तक जाने के लिए रास्ता तक नहीं बनाया गया है। ग्रामीणों ने खुद ही पहल कर कुछ दूरी तक सीढ़ियां बनाई, लेकिन वह नाकाफी साबित हो रही हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन से शिकायत भी की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मां के दर्शन को आने वालेभक्तों की संख्या भले ही निरंतर बढ़ रही हो, लेकिन सुविधाओं की कमी लगातार बनी हुई है। सूरजपुर जिला मुख्यालय से 125 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम महुली के गढ़ वतिया पहाड़ पर मां अष्टभुजी का दरबार है। यहां बहुत पहले से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और चैत्र व शारदीय नवरात्र में यहां मेले का आयोजन भी किया जाता है। लेकिन सुविधाओं के अभाव में भक्त परेशान हो रहे हैं। यहां न तो बिजली है और न ही पानी की व्यवस्था है। यहां तक की मां के धाम तक पहुंचने के लिए रास्ता भी नहीं बना हुआ है । ग्रामीणों ने कुछ साल पहले सहायता राशि इकट्ठा कर सीढ़ी की व्यवस्था कराई, लेकिन वह भी पर्याप्त नहीं बन पाई हैं। वर्तमान में शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ हर रोज उमड़ रही है। श्रद्धालुओं की आस्था है कि यहां जो भी भक्त माता के दरबार में आता है उन सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। भक्त श्रद्धा से नारियल चुनरी चढ़ाते हैं और मन्नत मांगते हैं। गढ़वतिया धाम के मुख्य पुजारी सोमारसाय व जगमोहन ने बताया कि माता के भक्त श्रद्धा भाव से जो भी अर्पण करते है, माता उनकी मनोकामना जरूर पूरी करती हैं। इस धाम का आकर्षण का केंद्र यह है कि यहां प्राचीन मूर्तियों का विसाल भंडार है। लेकिन, प्राचीन मूर्तियां संरक्षण के अभाव में टूटी पड़ी हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से माता के धाम में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था कराने की मांग की है। गढ़वतिया में पूरे पहाड़ में प्राचीन मूर्तियों का भंडार है, लेकिन संरक्षण के अभाव में बहुत सारी मूर्तियां टूट चुकी हैं और अस्त-व्यस्त बिखरी हुई हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मूर्तियों के संरक्षण व मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करवाने की मांग की है। दर्शनीय स्थल होने के बावजूद भी अभी तक प्रशासन ने ना तो बिजली की व्यवस्था की है और न ही की कोई व्यवस्था है। इसके साथ ही पहाड़ी पर चढ़ने के लिए सीढ़ियों तक की व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों ने मंदिर को दर्शनीय स्थल घोषित कर पुरातत्व विभाग को सौंपने की मांग की है।



## महुली गांव के पहाड़ में मिले दसवीं शताब्दी के पुरातात्विक अवशेष

सरगुजा संभाग मुख्यालय से करीब 175 किलोमीटर दूर सूरजपुर जिले के बिहारपुर क्षेत्र के गढ़वतिया पहाड़ी पर कई सदी पुराने स्तंभ मिले हैं। पहाड़ी के नीचे खाई में ऐसे कई अवशेष बिखरे पड़े हैं। काले पत्थरों से निर्मित स्तंभों में कुछ तो सही स्थिति में है, लेकिन कुछ जानकारी व सुरक्षा के अभाव में नष्ट होते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पुरातात्विक धरोहर में महुली के गढ़वतिया पहाड़, सीता लेखनी पहाड़ के शिलालेख और लक्ष्मण पंजा, चपदा गांव की गुफा, जोगी माड़ा, कुदरगढ़ के शैलचित्र शामिल हैं।पहाड़ पर मौजूद हैं काले पत्थर से बने शिवलिंग पहाड़ी पर काले पत्थरों में बने शिवलिंग भी हैं। यहां इस तरह के लगभग 100 से अधिक पत्थर हैं। जब इन स्तंभों को देखा गया तो पाया कि काले पत्थरों से निर्मित स्तंभों के मध्य भाग में शिवलिंग बने हुए हैं। इसके दोनों ओर उमा महेश के दो उपासक वंदना की मुद्रा में दिखाए गए हैं। उनके ठीक ऊपर अभय की मुद्रा में हाथ उत्कीर्ण है। हाथ के दोनों ओर सूर्य और चांद की आकृति बनी हुई है और सबसे ऊपरी सिरे पर कलश की आकृति बनी हुई है। इनकी विशेषताओं के आधार इनका निर्माण काल संभवतः 9वीं सदी से 12वीं सदी के बीच का माना जा सकता है।

**चार से अधिक प्रदेशों के भक्त पहुंचते हैं करने**

**पहाड़ पर स्थित माता के मां के दर्शन मंदिर में न बिजली व न पानी की व्यवस्था**

## राजा बालम ने बनाया था किला और मंदिर

सोमार साय बैगा ने बताया कि पहाड़ी पर शिव, गणेश, हनुमान, महिषासुर मर्दनी की मूर्ति भी देखने को मिलती हैं। इसे देखकर लगता है कि यहां कोई प्राचीन गढ़ रहा होगा। इसलिए इसका नाम गढ़वतिया पहाड़ पड़ा। मान्यता है कि इस पहाड़ी पर राजा बालम ने किला व मंदिर बनवाया था। राजा खैरवार जाति के थे, इसलिए पहाड़ी देवी की पूजा खैरवार जाति के बैगा ही करते हैं



## हाईटेंशन तार की चपेट में आने से 30 वर्षीय युवक की हुई दर्दनाक मौत



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा - बाँदा जनपद में बिजली विभाग की बहुत बड़ी लापरवाही सामने आई । जहां पर बिजली विभाग के अड़ियल रवैया होने के चलते खेत में झूल रहे हाईटेंशन तार के बदौलत आज एक व्यक्ति को अपनी जान गंवानी पड़ी। खेत में झूलते तारों की वजह से एक 30 वर्षीय व्यक्ति को जान गवानी पड़ी झूलते तारों के चलते 30 वर्षीय व्यक्ति हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ जाने से दर्दनाक मौत हो गई है । व्यक्ति छाया में बैठने जा रहा था कि तभी हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया जिससे व्यक्ति की वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई वही सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी हुई है और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है पूरा मामला बांदा जनपद के बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत मुरवल कस्बे का है जहां पर मुरवल कस्बे के ही मेन रोड में बने डिग्री कॉलेज के पास ट्रेक्टर ड्राइवर प्रीतम वर्मा जो कि खेत में छाया में बैठने जा रहा था कि तभी झूल रही विद्युत तार की चपेट में आ जाने से प्रीतम की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं परिजनों के द्वारा शव को उठाकर बीच सड़क में रख लिया जिससे सूचना पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी सत्य प्रकाश शर्मा व कोतवाली प्रभारी बांके बिहारी एवं उपजिलाधिकारी दिनेश सिंह फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह और पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामबाबू निषाद के काफी समझाने वा पांच लाख रुपए का मुआवजा दिए जाने के आश्वासन पर परिजन माने। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## कुंडा पुलिस की नशे के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही, 510 नशीले इंजेक्शन के साथ 02 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधमसिहगर द्वारा जनपद में नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 01.04.2022 को मुखविर खास की सूचना पर कुंडा पुलिस द्वारा अभियुक्त अफरोज उर्फ फिरोज उम्र 22 वर्ष पुत्र नजाकत अली निवासी परमान्दपुर थाना आईटीआई जनपद उधमसिंहनगर व अफजल पुत्र नजाकत अली निवासी परमान्दपुर थाना आईटीआई जनपद उधमसिहनगर को मो0सा0 नम्बर K18H-1794 के द्वारा परिवहन करते हुए कब्जे से नशे हेतु प्रयुक्त किये जाने वाले 210 इन्जेक्शन laborite DIAZEPAM INJECIONIP 2Mm, 150 इन्जेक्सन, PRENORPHINE INJECCTIONI. PBUPINE w ML, 150 व इन्जेक्सन, PHENIRAMINF MALFATE INJECION IP AVIL, कुल 510 इन्जेक्सन बरामद किये पूछताछ करने पर दोनों अभियुक्तों ने बताया कि परमान्दपुर गांव में अफरोज का आइसा मेडिकल स्टोर नाम से मेडिकल स्टोर है जिसकी आड में वह जनपद मुरादाबाद दवाईयों की आड में ये नशे हेतु प्रयुक्त होने वाले इन्जेक्शन खरीद कर लाते है और जगह जगह पर मांग के अनुसार काफी अधिक दामों पर नशेडियों को बेच देते है। अभियुक्तों द्वारा बिना वैध अनुमति के उपरोक्त इन्जेक्शनों को कब्जे में रखने के संबन्ध में थाना स्थानीय पर मु0 FIR NO 95/2022 धारा 8/22/60 एन0डी0पी0एस एक्ट पंजीकृत किया गया है। बरामदा माल - 1- इन्जेक्शन laborATte DIAZEPAM INJECIONIP 2ML- 210 2- इन्जेक्सन BUPRENORPHINE INJECCTION IP BUPINE 2ML-150 3- PHENIRAMINF MALEATE INJECION IP AVIL, 10ML-150 4- मोटरसाईकिल संख्या - K18H-1794

## जिला अधिकारी बांदा अनुराग पटेल ने किया ओचक निरीक्षण



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा - जिलाधिकारी बांदा श्री अनुराग पटेल द्वारा अपने कलेक्ट्रेट परिसर के कार्यालयों, कोषागार एवं चकबन्दी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। नगर मजिस्ट्रेट के कक्ष में 10-30 बजे तक ताला लगा हुआ पाया गया। निरीक्षण के दौरान उमाकान्त त्रिपाठी अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), अमिताभ यादव अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), एम0पी0सिंह अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), केशवनाथ गुप्ता नगर मजिस्ट्रेट, बी0के0 शर्मा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, दिनेश बाबू मुख्य कोषाधिकारी, अजीत सिंह सहायक कोषाधिकारी, विनोद कुमार वर्मा बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी एवं मंजू अग्रवाल प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट अनुपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये स्पष्टीकरण मांगा साथ ही निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन अपने-अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित होकर शासकीय कार्यों का सम्पादन सुनिश्चित करें।

## मेले में बिछुड़े बच्चे को परिजनों से मिलाकर नानकमत्ता पुलिस ने लौटाई चेहरे पर मुस्कान




दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर-अमावस्या मेले के दौरान एक बच्चा जिसका नाम राजपाल s/o तेजपाल निवासी मझोला चौकी गिद्धौर थाना न्यूरिया पीलीभीत उम्र 5 वर्ष अपने परिजनों से बिछड़ गया था। जिसकी सूचना परिजनों द्वारा नानकमत्ता पुलिस को दी गयी। जिस पर नानकमत्ता पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई कर उसके परिजनों को ढूंढ कर उक्त बच्चे को उनके सुपुर्द किया गया। अपने बच्चे को पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया ।

## लेखपाल ने आग लगने से हुए नुकसान पर मुआवजा दिलाने के बदले घी वा एक हजार रुपए मगाने का पीड़ित ने लगाया आरोप

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बांदा -र जनपद बांदा के थाना कमासिन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पछौहां से है जहां लगभग 5 दिन पहले घर के बाहर पढ़े कूड़े के ढेर से एक व्यक्ति के घर में अचानक आग लग गई । आग से घर के बाहर बनी जानवरों की झोपडी को अपनी चपेट में लेते हुए घर की छत पर रखी फसल भी आग से पूरी तरह जल कर खाक हो गई। वहीं गृह स्वामी राजपाल के द्वारा बताया गया कि यह घटना पांच दिन पहले हुई थी ग्राम प्रधान, सचिव व जिला पंचायत सदस्य राजा विश्वकर्मा भी मौके पर पहुंचे लेखपाल पछौहां को जानकारी दी गयी परंतु लेखपाल नहीं पहुंचे। वहीं ग्रह स्वामी के द्वारा बताया गया घटना के 4 दिन बाद घटनास्थल पर लेखपाल साहब पहुंचे जिन्होंने मौका मुआयना किया और पीड़ित व्यक्ति से मुआवजा के बदले देशी घी व एक हजार रूपये की मांग की जिसको पीड़ित व्यक्ति नहीं दे पाया जिसके चलते लेखपाल किसी तरह की कोई कार्रवाई करने से इंकार कर दिया।

## राम नवमी केंद्रीय महोत्सव समित बांदा ने अपना नव सूत्रीय ज्ञापन जिला अधिकारी बांदा को सौपा




अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा -राम नवमी केंद्रीय महोत्सव समित के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंच कर अपने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि कल से नवरात्रि की शुरुवात हो रही है। जिसके चलते बिजली पानी साफ सफाई वा सुबह से मंदिरों मे आने वाली माताओं बहनों बेटियों की सुरक्षा इंतजामों आदि के साथ साथ राम नवमी दिनांक 10.04.22 के दिन जुलूस मार्ग वा मंदिर के आस पास मांस मदिरा की दुकानें बंद कराए जाने वा पूरे मार्ग की साफ सफाई कलाई आदि डलवाए जाने मांग की है।

## उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ बांदा के पदाधिकारियों ने जल्द वेतन न दिए जाने पर आगामी 25.04.22 को पूरे जिले में हड़ताल की दी चेतावनी

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बांदा -बांदा कलेक्ट्रेट परिसर में आज उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ बांदा के पदाधिकारियों ने प्रभारी अधिकारी स्थानी निकाय बांदा के नाम संबोधित अपने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि ओरन तिंदवारी वा मतोंध में सफाई कर्मचारियों को कई माह से वेतन नहीं दिए जाने से सफाई कर्मचारी भूखमरी की कगार में पहुंच गए हैं। जिससे इनके बच्चो की शिक्षा भी लगभग बंद सी हो गई है। अगर जल्द इन सभी जगहों के सफाई कर्मचारियों को इनका वेतन नहीं दिया गया तो आगामी 25.04.22को पूरे जिले में हड़ताल की जाएगी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कालका प्रसाद सागर सहित लगभग दो दर्जन सफाई कर्मचारी मोजूद रहे।

# जिले में 15 किलो गांजा ड्राइवर कंडक्टर के मध्य से बरामद, आरोपी हुए फरार



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पेंड्रा- गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में लगातार गांजा अन्य जगहों से मध्य प्रदेश या फिर अन्य राज्यों में ले जाने का मामला आता है। वही जिसमें गांजा किसी फल की गाड़ी, सामान की गाड़ी या फिर सब्जियों के गाड़ियों में लाकर दूसरे प्रदेशों में बेचा जाता है। लेकिन इस बार बस के ड्राइवर कंडक्टर के द्वारा 15 किलो गांजा एमपी एवं यूपी की ओर ले जाया जा रहा था। दरअसल पूरा मामला मिली जानकारी के अनुसार रायपुर से इलाहाबाद की ओर जा रही तिवारी बस सर्विस गाड़ी नंबर सीजी 07 आर वाई 8573 गाड़ी बुधवार को रात्रि लगभग 10 बजे पेंड्रा होते हुए इलाहाबाद जा रही थी। वही जिसमें ड्राइवर कंडक्टर के द्वारा 15 किलो गांजा की जब्ती मुखबिर की सूचना पुलिस ने बस में जांच पड़ताल करने पर तलाशी ली गई। जहां पुलिस ने 15 किलो गांजा जप्त किया गया है। वही आरोपी ड्राइवर एवं कंडक्टर के ऊपर मामला दर्ज कर लिया गया है। साथ ही आरोपी कंडक्टर और ड्राइवर फरार हैं। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# कल्याणी नदी को पुनर्जीवित करने के लिए नगर निगम की ओर से नदी की सफाई अभियान तेज किया

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर- कल्याणी नदी को पुनर्जीवित करने के लिए नगर निगम की ओर से नदी की सफाई का अभियान लगातार जारी है। किच्छा रोड ट्रंचिंग ग्राउंड के समीप कल्याणी नदी की सफाई के कार्य का मेयर रामपाल सिंह ने मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सहायक नगर आयुक्त राजदेव जायसी एवं श्रीमती राजू नवियाल के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। मेयर रामपाल ने कहा कि कल्याणी नदी को उसके मूल स्वरूप में लाना उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसके लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। कल्याणी नदी की सफाई के अभियान में रोटरी क्लब सहित विभिन्न संस्थाओं का भी सहयोग लगातार मिल रहा है। अब तक कल्याणी नदी से कई टन कचरा निकाला जा चुका है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। मेयर ने कहा कि मन में इच्छा शक्ति और दृढ संकल्प हो तो कोई भी काम मुश्किल नहीं होता। कल्याणी नदी को उसके मूल स्वरूप में लाना कठिन जरूर है लेकिन यह मुश्किल नहीं। सभी के प्रयासों से यह सपना साकार हो सकता है। मेयर ने कहा कि कल्याणी की सफाई के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। शासन स्तर से भी इसके लिए मदद ली जायेगी। मेयर ने कहा कि शहर हम सभी का है और इसको स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए उनके प्रयास लगातार जारी है। किच्छा रोड से ट्रंचिंग ग्राउण्ड को हटाने का काम भी चल रहा है। शहर को स्वच्छता की रैंकिंग में नंबर वन पर लाना उनका प्रयास है। इसके लिए शहर के सभी नागरिकों का सहयोग आवश्यक है।

# इस बार महिला समूह ने ली मरवाही साप्ताहिक बाजार का ठेका महिलाएं करेंगी वसूली

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पेंड्रा- मरवाही - इस बार मरवाही ग्राम पंचायत में साप्ताहिक बाजार का ठेका मरवाही की माँ दुर्गा महिला स्व सहायता समूह ने पुरुषों से आगे बढ़कर छै लाख पैंतालीस हज़ार में ली और जंहा पुरूष वर्ग अमानत राशि जमा करने में मोहलत मांगता है वंहा इस समूह ने एक कदम आगे पचहत्तर हज़ार अमानत राशि की जगह एक लाख अमानत राशि तत्काल नगद जमा कर दी समूह की सचिव मानमती मार्को का कहना हैं कि उनका समूह पहले से ही मन बना लिया था कि वे इस बार यह ठेका लेने के लिये नीलामी में भाग लेंगी और किसी भी तरह से ठेका हासिल करना उनका उद्देश्य था हालांकि ग्राम की सरपंच प्रियदर्शनी नहरेल ने उनका हौसला पहले से ही बढ़ाकर रखा था कि वे इस कार्य को कर सकती है समूह की एक अन्य सदस्य का कहना था कि समूह के सदस्य हर हप्ते दस दस रु जोड़कर समूह में लाखों रु जोड़ रखे है बैंक भी उनका लोन समय पर सेंक्शन कर देता है और वे सभी समय पर पैसा पटा देते है जिसके चलते बैंक में उनके समूह की अच्छी साख है बैंक उन्हें एक निश्चित राशि का लोन किसी भी समय देने को तैयार रहता है इस तरह महिला समूह के द्वारा पुरुषों के इस कमाई वाले ठेका को छीन लिया अब आने वाले शुक्रवार से महिला समूह की सदस्या एवं उनके लोग वसूली करेंगे महिला समूह के इस साहस की चर्चा आज पूरे जिले में है ग्राम के ही उपसरपंच आलोक ताम्रकार ने समूह को बधाई दी और कहा भी पंचायत की तरफ से उनके समूह को पूरी मदद एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा व्यापार संघ के अध्यक्ष त्रिलोक जायसवाल ने भी महिला समूह को व्यापारियों की तरफ से पूरी मदद की जयेगी

# राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को सेवानिवृत्त होने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित विद्यालय स्टाफ एवं स्थानीय लोगों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर- आदर्श इन्द्रा कालोनी वार्ड नं. 35 में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक रघुराज सिंह रावत के सेवानिवृत्त होने पर निवर्तमान विधायक राजकुमार ठुकराल सहित विद्यालय स्टाफ एवं स्थानीय लोगों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस दौरान निवर्तमान विधायक ठुकराल ने रघुराज सिंह रावत के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि रघुराज सिंह रावत ने अपने कार्यकाल में पूरी निष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन करते हुए नौनिहालों का भविष्य उज्जवल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। शिक्षक ही बच्चों के सपनों को साकार करने के लिए दिशा प्रदान करते हैं। इस दौरान रघुराज सिंह रावत ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान राजकुमार ठुकराल सहित अन्य लोगों ने रघुराज सिंह रावत का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान सीमा नैथानी, कमला जोशी, डा. सोनू कन्नौजिया, ज्ञान सिंह चौहान, अजय जगमोला, हरेन्द्र सिंह, भूषल श्रेय,पूर्व पार्षद गोविंद राय, रविन्द्र नाथ धर, गणेश सरकार, निर्मल हाल्दार, तरूण विश्वास, रोबिन मल्लिक, संतोष सरकार, गुरूपद मण्डल, बबली विश्वास, सीमा सरकार, रिचिता मल्लिक, हेमलता पाल, संजिता राय, उर्मिला पाल आदि मौजूद रहे।

# प्रदूषण जांच केंद्र स्थापित करने 22 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही- जिला परिवहन कार्यालय द्वारा जिले में मोटरयान प्रदूषण जांच केंद्र स्थापना एवं प्राधिकार पत्र प्राप्त करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से 4 से 22 अप्रैल तक निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र के लिए शुल्क 300 रुपए निर्धारित है, जो कि विभाग के वेबसाइट www.cgtransport.gov.in मे ऑनलाइन जमा किया जाना होगा। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित अर्हता, फीस आदि की जानकारी के लिए जिला परिवहन कार्यालय संयुक्त कार्यालय भवन टीकरकला कक्ष क्रमांक 103 में प्राप्त कर सकते है। इसके अलावा जिले के वेबसाइट gaurela-pendra-marwahi.cg.gov.in से भी प्राप्त कर सकते है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

ऑफर
आप यहाँ
अपना
विज्ञापन
लगवाये बहुत
ही कम प्राइस
में
संपर्क करे-
9027776991